भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2229
15 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत

राजस्थान में भारी उद्योगों की स्थापना

2229. श्री कनकमल कटारा:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बांसवाड़ा-डूंगरपुर सहित राजस्थान के पिछड़े जिलों में भारी उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं तथा उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या आदिवासी बहुल क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर जिले में उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है ताकि रोजगार के लिए निवासियों के दूसरे राज्यों में प्रवास को रोका जा सके; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (ग): उद्योग राज्य का विषय है। अतः, राजस्थान सहित देश के विभिन्न भागों में भारी उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने की कोई स्कीम भारी उद्योग मंत्रालय के पास नहीं है। तथापि,यह मंत्रालय उद्योग में प्रौद्योगिकी विकास के साथ-साथ नवोन्मेषी स्कीमों के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराना चाहता है। कई राज्यों ने भारी उद्योगों सहित उद्योगों के विकास और संवर्धन के लिए प्रोत्साहन और स्कीमें लागू की है। केंद्र सरकार उद्योगों के विकास के लिए वित्त मंत्रालय के माध्यम से देश भर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर-संरचना में प्रोत्साहन भी प्रदान करती है।

***